एफएमसीजी कंपनियों ने टाली अपने उत्पादों की कीमत बढ़ाने की योजना

मांग बनाए रखने पर फोकस, फिलहाल ग्राहकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालेंगी कंपनियां

● नई दिल्ली / आरएएन

दैनिक उपभोक्ता वस्तु (एफएमसीजी) क्षेत्र की कंपनियों ने फिलहाल अपने उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला टाल दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से कच्चे माल की लागत पर दबाव कम हुआ है, जिससे कंपनियों को राहत मिली है। इसके साथ ही कंपनियां बिक्री की रफ्तार बनाए रखने के लिए भी उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने से बच रही हैं।

उद्योग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें भू-राजनीतिक तनाव से पहले के स्तर के आसपास बनी रहती हैं, तो नई मूल्य वृद्धि की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे पहले लागत बढ़ने के कारण कई कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाए थे।

वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी हुई है। वहीं, सितंबर से लागू जीएसटी सुधारों का लाभ भी ग्राहकों तक पहुंचाया गया है, जिससे एफएमसीजी क्षेत्र में मांग और बिक्री में सुधार देखने को मिल रहा है।

तेल की कीमतों में नरमी है वजह

बालाजी वेफर्स के संस्थापक एवं निदेशक चंदू विरानी ने बताया कि कंपनी छोटे पैक का वजन घटाने और बड़े पैक के दाम बढ़ाने पर विचार कर रही थी, लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने के बाद इस योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इसी तरह पार्ले प्रोडक्ट्स ने भी बढ़ती लागत के बावजूद कीमतें बढ़ाने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। कंपनी के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बाद फिलहाल किसी भी उत्पाद के दाम बढ़ाने की जरूरत महसूस नहीं हो रही है। उनके अनुसार, अधिकांश एफएमसीजी कंपनियां भी फिलहाल मूल्य वृद्धि को लेकर जल्दबाजी के पक्ष में नहीं हैं।

छोटे वित्तीय संस्थानों की बकाया ऋण राशि का मई माह में आया सुधार

मई में डिफॉल्ट दर घटी, कुल कर्ज 3.33 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

● मुंबई / आरएनएन

सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) की परिसंपत्ति गुणवत्ता (एसेट क्वालिटी) में मई के दौरान सुधार दर्ज किया गया है। कर्ज संबंधी आंकड़े जुटाने वाली कंपनी क्रिफ हाई मार्क की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश श्रेणियों में बकाया ऋण (डिलिंक्वेंसी) में कमी आई है। हालांकि पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और राजस्थान अब भी ऐसे राज्य हैं, जहां कर्ज चुकाने में चूक का स्तर राष्ट्रीय औसत से अधिक बना हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मई में 1 से 30 दिन तक बकाया रहने वाले कर्ज कुल 3.33 लाख करोड़ रुपये के ऋण पोर्टफोलियो का 0.6 प्रतिशत रहे, जबकि अप्रैल में यह 0.8 प्रतिशत

था। इसी तरह, 31 से 180 दिन तक बकाया रहने वाले कर्ज का अनुपात घटकर 1.6 प्रतिशत रह गया, जो एक महीने पहले 1.7 प्रतिशत था।

मई में एमएफआई का सकल ऋण पोर्टफोलियो मासिक आधार पर 0.7 प्रतिशत बढ़कर 3.33 लाख करोड़ रुपये हो गया।

पश्चिम बंगाल, मप्र और राजस्थान में चूक राष्ट्रीय औसत से अधिक

यह सुधार सभी राज्यों में समान रूप से देखने को नहीं मिला। क्रिफ हाई मार्क के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 1 से 30 दिन तक बकाया कर्ज का स्तर 1.4 प्रतिशत रहा, जो राष्ट्रीय औसत 0.6 प्रतिशत से काफी अधिक है। वहीं 31 से 180 दिन तक बकाया कर्ज का स्तर 2 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 1.6 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश में 1 से 30 दिन तक बकाया कर्ज का स्तर राष्ट्रीय औसत के बराबर रहा, लेकिन 31 से 180 दिन तक बकाया ऋण 2 प्रतिशत तक पहुंच गया। राजस्थान में भी 31 से 180 दिन तक बकाया कर्ज का स्तर 1.9 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

साख निर्धारक एजेंसी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की रिपोर्ट

एयरपोर्ट इंफ्रा में 2029 तक होगा 4.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश

● मुंबई / एजेंसी

तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र और इसे बढ़ावा देने की सरकार की योजना से देश में साल 2029 तक हवाई अड्डों की अवसंरचना पर 4.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा।

साख निर्धारक एजेंसी ब्रिकवर्क रेटिंग्स की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 तक घोषित या निर्माणाधीन परियोजनाओं का मूल्य 3.7 लाख करोड़ रुपये हैं। इसके अलावा साल 2029 तक पूरी होने वाली परियोजनाओं का मूल्य 0.5 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2025-26 में इस सेक्टर में भारी पूंजीगत निवेश हुआ। चालू वित्त वर्ष में भी यही क्रम जारी रहने की उम्मीद है।

बढ़ेगा हवाई यातायात

ब्रिकवर्क रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक (रेटिंग्स) नीरज राठी ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग के कारण हवाई यातायात के 8-10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इसमें नवी मुंबई और जेवर जैसे हवाई अड्डों और टीयर-2 शहरों के काफी योगदान है।

उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के दौरान हवाई क्षेत्रों पर प्रतिबंधों के कारण भारतीय विमानन सेक्टर के अंतरराष्ट्रीय यातायात में करीब 40 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। इससे पहली वित्त वर्ष की पहली छमाही में मांग कमजोर रहेगी, लेकिन दूसरी छमाही में इसमें तेज वृद्धि देखने को मिलेगी।

श्री राठी ने कहा कि एयरपोर्ट अवसंरचना सेक्टर का साख परिदृश्य स्थिर बना हुआ है। हवाई अड्डा टर्मिनलों के विस्तार पर खर्च बढ़ने से निकट भविष्य में नकदी प्रवाह पर दबाव है, लेकिन यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ने से यह सेक्टर सुरक्षित विकास करने में सक्षम है।

100 हवाई अड्डे, 200 नए हेलीपोर्ट बनेंगे

रिपोर्ट में केंद्र सरकार की नयी उड़ान योजना का भी जिक्र किया गया है जिसके तहत अगले 10 साल में 100 नये हवाई अड्डों और 200 नये हेलीपोर्ट के विकास की योजना है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स ने कहा है कि सरकार ने वित्त वर्ष 2035-36 तक इस पर 28,800 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की घोषणा की है। साथ ही पूरी तरह से नये हवाई अड्डों के विकास की परियोजनाओं पर शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने से इस क्षेत्र को गति मिल रही है।

मई में औद्योगिक उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा

विनिर्माण क्षेत्र में 5.5 प्रतिशत और बिजली-गैस आपूर्ति में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि

● मुंबई / आरएनएन

भारत के औद्योगिक उत्पादन में मई 2026 के दौरान मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सालाना आधार पर 5.1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो अप्रैल के 4.9 फीसदी के मुकाबले बेहतर है। यह नई श्रृंखला पर आधारित आईआईपी का दूसरा मासिक आंकड़ा है।

औद्योगिक उत्पादन में तेजी का सबसे बड़ा आधार विनिर्माण क्षेत्र



रहा, जिसमें 5.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्र ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.9 फीसदी की वृद्धि हासिल की। इन दोनों क्षेत्रों की मजबूत बढ़त ने कुल औद्योगिक उत्पादन को गति देने में अहम भूमिका निभाई।

सुधार देश के मजबूत होने के संकेत

विशेषज्ञों का मानना है कि औद्योगिक उत्पादन में लगातार सुधार देश की आर्थिक गतिविधियों के मजबूत होने का संकेत है। विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार बढ़ने से रोजगार के नए अवसर पैदा होने की संभावना है, वहीं इससे आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। बेहतर औद्योगिक आंकड़े निवेशकों का भरोसा बढ़ाने और निवेश माहौल को मजबूत करने में भी मददगार साबित हो सकते हैं।

आईटी और बैंकिंग सेक्टर के दबाव में लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई,(एजेंसी)। आईटी, बैंकिंग और ऑटो सेक्टरों में बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 372.10 अंक (0.48 प्रतिशत) टूटकर 76,728.37 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 109.75 अंक यानी 0.46 प्रतिशत नीचे 23,946.25 अंक पर आ गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.
लोककर्म विभाग
निविदा आमंत्रण सूचना

N.I.T. No./PWD/2026-27/04/E-tendering/Pro/345 Dated - 29/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_517442_1 29/06/2026	संभाग क्रमांक-04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत बढ़ई मोहल्ला में सड़क एवं कवर्ड आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (महापौर अनुशंसा) (तृतीय निविदा)	06 माह रू. 41.71	5,000/- 31290/-	13/07/2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम, जबलपुर

यूपीआई, निवेश और डिजिटल कर्ज का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा

● नई दिल्ली / आरएएन

भारतीय महिलाओं के लिए डिजिटल फाइनेंस अब केवल ऑनलाइन भुगतान तक सीमित नहीं रह गया है। खासकर महिला उद्यमी अब कारोबार के विस्तार, कर्ज लेने, निवेश करने और वित्तीय प्रबंधन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं।

इससे स्पष्ट है कि महिलाएं अब छोटे-मोटे लेनदेन से आगे बढ़कर अपने पूरे वित्तीय निर्णयों की कमान संभाल रही हैं। डीबीएस बैंक इंडिया और डेलॉयट की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, देशभर की 1,342 महिलाओं पर किए गए सर्वे में महिला उद्यमी, हाई-नेट-वर्थ (एचएनडब्ल्यू) महिलाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाएं शामिल थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, 84 फीसदी महिला उद्यमी डिजिटल पेमेंट टूल्स का इस्तेमाल कर रही हैं।

कारोबार बढ़ाने तकनीक में निवेश

महिलाएं अब केवल भुगतान के लिए ही नहीं, बल्कि कारोबार के संचालन और विस्तार के लिए भी डिजिटल तकनीक का उपयोग कर रही हैं।

65 फीसदी महिला उद्यमी कर्मचारियों के वेतन और कॉन्ट्रैक्टर्स के भुगतान के लिए डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल करती हैं।

53 फीसदी डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग, कंटेंट निर्माण और नए ग्राहकों तक पहुंच बनाने पर खर्च कर रही हैं।

37 फीसदी बिजनेस सॉफ्टवेयर और तकनीकी समाधान अपनाने में निवेश कर रही हैं।

अमेजन इंडिया ने प्राइम डे 2026 डील्स की घोषणा की

जबलपुर। अमेजन.इन पर, एआई-संचालित टूल्स शॉपिंग को तेज, स्मार्ट और अधिक आसान बना रहे हैं। संवादात्मक एआई असिस्टेंट रूफस ग्राहकों को पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन, प्राइस इनसाइट्स और प्रोडक्ट कंपैरिजन के माध्यम से प्रोडक्ट्स खोजने में मदद करता है। शुरू करने के लिए बस रूफस से पूछें, प्राइम डे पर मोबाइल फोन ऑफर्स क्या हैं?। लेंस एआई जैसी सुविधाएं विजुअल सर्च को सक्षम बनाती हैं, उदाहरण के लिए यदि आप अपनी पसंद की कोई स्मार्ट रिंग देखते हैं, तो कैमरा उसकी ओर करके अमेजन पर तुरंत पा सकते हैं, जबकि एआई रिव्यू हाइलाइट्स सेकंडों में सबसे प्रासंगिक फीडबैक सामने लाने के लिए हजारों कस्टमर रिव्यूज को छान मारता है। इस प्राइम डे, अमेजन नाउ हजारों रोजमर्रा की जरूरी चीजों पर बड़ी बचत लेकर आ रहा है, जो मिनटों में अल्ट्रा-फास्ट डिलीवर की जाएंगी। प्राइम मेंबर्स अमेजन नाउ पर रोमांचक डील्स का लाभ उठा सकते हैं।

'वेलकम टू द जंगल' के साथ डॉ. ऑर्थो की खास साझेदारी

चंडीगढ़। बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल और आयुर्वेदिक ब्रांड डॉ. ऑर्थो के बीच विशेष ब्रांड साझेदारी की गई है। फिल्म के प्रचार अभियान के दौरान कलाकारों ने मनोरंजन के साथ स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली का संदेश भी दिया। निर्देशक अहमद खान की इस फिल्म में अभिनेता अक्षय कुमार सहित 30 से अधिक कलाकारों की बड़ी स्टारकास्ट नजर आ रही है। प्रमोशन के दौरान कलाकारों ने कहा कि जीवन की भागदौड़ और चुनौतियों के बीच मजबूत कदम ही हर सफर को आसान बनाते हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. ऑर्थो के एक्यूप्रेशर स्लीपर और शूज पैरों को आराम, नई ऊर्जा और मजबूती देने में सहायक हैं। इस अवसर पर उद्यमी एवं निवेशक डॉ. संजीव जुनेजा ने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वेलकम टू द जंगल दर्शकों को हंसी, मनोरंजन और सकारात्मक ऊर्जा से भर देने वाली फिल्म है।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/07/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
छिंदवाड़ा, छिंदवाड़ा, 013690730045217, 5218, 5219, 5360, 5465, परासिया राड़ छिंदवाड़ा, 0138200730009394, जबलपुर, गोरखपुर, 0115340730025383, 5431, 5516, 5517, लेबर चौक जबलपुर, 0118180730036843, मालवीय चौक जबलपुर, 0118590700018466, रंजी बाजार जबलपुर, 0115600730025084, 5085, 5311, विजय नगर जबलपुर, 0122240700020554, 0565, कटनी, कटनी, 0136140700011216, 0136140730047739, 7785, रीवा, गल्लामंडी अमहिया रीवा, 0127160700017626, 0127160730020904, प्रकाश चौराह रीवा, 0127890700022065, 2100, 0127890730022339, 2388, सिरमौर चौक रीवा, 0131380700018502, सतना, रिवारोड आदर्श नक्षर, 0131840730081363, 1788, 1872, रीवा रोड सतना, 0128170730097766, 7848,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, मंडल कार्यालय, 1227,शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.)
Email - cs8243@pnb.bank.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'',''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

ई-नीलामी दिनांक एवं समय -04.08.2026 दोपहर12:00 बजे से 05:30 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:30 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा)। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 04.08.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक

निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे

उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम	अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण	अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि
1. शाखा : जवाहरगंज ,जबलपुर (म.प्र.) **श्री नीलेश गौंड पिता हीरा सिंह** **पता - 1 :** 2910/1, एच/ओ राम किशोर दीक्षित, पूर्व कांजी हाउस, स्वामी वीरेंद्रपुरी वार्ड नंबर 02, गढ़ा, जबलपुर (म.प्र.) 482003, **पता - 2 :** देवरी, देवरी, जिला- दमोह, पिन-470880 **खाता नं. 021700JY00000038 और 021700NC00007477**	आवासीय प्लॉट का समसत भू भाग व अंश और उस पर बना निर्माण, **प्लॉट एरिया 5300 वर्ग फीट**, जिसमें से **निर्मित एरिया 700 वर्ग फीट** , मौजा मिहगुंवा खुर्द स्थित, पीएच नं. 28/38, खसरा नं. 154/1/1/1 तहसील- तेंदूखेड़ा, जिला-दमोह, विक्रय पत्र नं. MP08952024A11341895 दिनांक 21.11.2024 और जिसकी **चतुर्सीमा** इस प्रकार हैं - **उत्तर** की ओर: विक्रेता राम किशोर दीक्षित की भूमि, **दक्षिण** की ओर: 27 मील से सैलवाड़ा पीएम रोड, **पूर्व** की ओर : राजकुमार पटेल की भूमि, **पश्चिम** की ओर: विक्रेता राम किशोर दीक्षित की भूमि और उनका गोदाम, **मालिक और बंधकर्ता :** नीलेश गोंड पिता हीरा सिंह, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB021707477**	अ) 17.09.2025 ब) 10.12.2025 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रु.28,54,690.77 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय	अ) 25,78,000.00 ब) 2,57,800.00 स) 04.08.2026 द) 10,000.00
2. शाखा : सदर कैन्ट, जबलपुर (म.प्र.) **(उधारकर्ता) श्री प्रियांक दुबे पिता श्री के एन दुबे, (उधारकर्ता और बंधककर्ता) श्रीमती आभा दुबे पति श्री के एन दुबे, (उधारकर्ता) श्री के एन दुबे पिता श्री एस एन दुबे,** **सभी का निवास स्थान :** हाउस नंबर 1, बीटी कंपाउंड, गढ़ा, बीटी तिराहा, इंदिरा गांधी वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) 482003 **खाता संख्या : 0218009300042669,** **DRT SA NO. 266/2022**	मौजा - चवनपुर में स्थित आवासीय भवन, एनबी 305, पटवारी हल्का नंबर 28/32, इंदिरा गांधी वार्ड, खसरा नंबर 212/1, 213/1, तहसील एवं जिला- जबलपुर (म.प्र.), **क्षेत्रफल- 2939 वर्ग फीट, चतुसीमा : उत्तर :** अवस्थी जी का डुप्लेक्स, **दक्षिण :** साइड रोड, **पूर्व :** श्री माखीजा का प्लॉट, **पश्चिम :** विमला ठाकुर, **मालिक और बंधककर्ता :** श्रीमती आभा दुबे पति श्री के एन दुबे, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB021804**	अ) 13.05.2021 ब) 14.10.2021 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू. 71,10,221.00 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय	अ) 87,04,000.00 ब) 8,70,400.00 स) 04.08.2026 द) 10,000/-
3. शाखा: मरहाताल, जबलपुर(म.प्र.) **1. मेसर्स प्रेमचंद एंड संस एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता) डायरेक्टर श्री दिलीप कुमार शुगानी, श्री सतीश कुमार शुगानी एवं श्रीमती कविता शुगानी, पताः** 193, मेन रोड एनएच-7, कंदराखेड़ा, जिला, जबलपुर (म.प्र.)-482001, **2. श्री दिलीप कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय प्रेमचंद शुगानी (डायरेक्टर/जमानतदार/बंधककर्ता), 3.श्रीमती कविता शुगानी पति श्री सतीश कुमार शुगानी (डायरेक्टर/जमानतदार), 4.श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय प्रेमचंद शुगानी (डायरेक्टर/जमानतदार) मृतक होने के बाद से, कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से कविता शुगानी पति श्री सतीश कुमार शुगानी भरत शुगानी पिता श्री सतीश कुमार शुगानी खुशबू शुगानी पिता श्री सतीश कुमार शुगानी, सभी का पताः** 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) 482001, **खाता संख्याः 0197401500019 9**	भूमि और भवन ग्राम - अंजनिया में स्थित, खसरा नम्बर 1516/2 का हिस्सा, म्यूटेशन के बाद 1516/5 , क्षेत्रफल 0.40 हेक्टेयर, एनबी नम्बर 55, पीएच नम्बर 16, आरआई सर्कल - अंजनिया, ब्लॉक - बिछिया, जिला- मंडला (म.प्र.), **संपत्ति और बंधककर्ता -** श्री दिलीप कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB0197401**	अ) 16.12.2020 ब) 24.03.2021 स) सांकेतिक आधिपत्य द) रू 51,93,101.38 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय	अ) 53,58,000.00 ब) 5,35,800.00 स) 04.08.2026 द) 10,000.00

संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है

सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना

नियम एवं शर्तें : (1) विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। **(2)** संपत्तियों की बिक्री **''जो है, ''जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार** पर होगी। **(3)** ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। **(4)** विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। **(5)** संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें ।

स्थानः जबलपुर, दिनांक 29.06.2026
पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी